17 / 04 / 2026 आकाशवाणी भोपाल 7.10 PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक पर लोकसभा में पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ओंकारेश्वर में पांच दिवसीय 'एकात्म पर्व' का शुभारंभ किया।
- श्योपुर हादसे पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये देने के निर्देश दिए।
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर खराब बीज देने वाली कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।
- प्रदेश के 20 जिलों में लू चलने की चेतावनी; नर्मदापुरम में पारा 43 डिग्री के पार पहुँचा।

महिला आरक्षण

लोकसभा में आज महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक 2026 पर चर्चा के दौरान पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इसे जाति जनगणना से ध्यान भटकाने वाला कदम बताते हुए आरोप लगाया कि यह दलितों और पिछड़ों के साथ अन्याय है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और किरेन रिजिजू ने उनकी टिप्पणियों की कड़ी निंदा की।सत्ता पक्ष की ओर से एचडी कुमारस्वामी और हेमा मालिनी ने इसे 'नारी शक्ति' के सम्मान का ऐतिहासिक कदम बताया। दूसरी ओर, डीएमके और टीएमसी जैसे विपक्षी दलों ने परिसीमन को महिला आरक्षण से जोड़ने पर सवाल उठाए और इसे संघीय ढांचे के खिलाफ बताया। सदन में चर्चा अभी जारी है।

एकात्म पर्व

ओंकारेश्वर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पांच दिवसीय ‘एकात्म पर्व’ का शुभारंभ किया है, जो 21 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा।इस आयोजन का उद्देश्य आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन को आधुनिक समाज और नई पीढ़ी से जोड़ना है।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वैदिक अनुष्ठानों में भाग लिया, पुस्तक का विमोचन किया और एकात्म धाम की डिजिटल वेबसाइट भी लॉन्च की।

उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य का दर्शन भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक एकता की मजबूत नींव है।इस मौके पर संतों और विद्वानों ने भी एकात्मता और अद्वैत के संदेश को दुनिया तक पहुंचाने पर जोर दिया।

राज्यसभा - हरिवंश

हरिवंश नारायण सिंह लगातार तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति चुने गए हैं। वे निर्विरोध चुने गए। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री हरिवंश को बधाई देते हुए कहा कि उनका वर्षों का अनुभव आज सदन के लिए पूरी तरह से प्रमाणित हो गया है। उन्होंने कहा कि सभी ने उनके नेतृत्व में सदन को अधिक प्रभावी होते देखा है।

एलपीजी

सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देशभर में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। नई दिल्ली में आज अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि एलपीजी आपूर्ति सामान्य है और देशभर के वितरक केंद्रों पर कहीं भी आपूर्ति में कमी की सूचना नहीं है।

एलपीजी-कालाबाजारी

खाद्य, नागरिकआपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अभी तक 2937 स्थानों पर जांच की गई, 4527 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रदेश के 7 64 पेट्रोल पंप की जांच कराई गई है। इसमें 1 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत् रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है।

## नवाचार प्रबंधन

प्रदेश में खरीफ सीजन से पहले कृषि क्षेत्र में नवाचार प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि किसानों को आधुनिक तकनीक और नई कृषि पद्धतियों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत प्राकृतिक खेती, डिजिटल सेवाएं, ड्रिप-स्प्रिंकलर जैसी सिंचाई तकनीक और फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है।साथ ही किसानों को एमपी किसान ऐप के जरिए मौसम, मंडी भाव और खेती से जुड़ी जानकारी भी दी जा रही है।सरकार का कहना है कि इन नवाचारों से खेती की लागत घटेगी और किसानों को उनकी उपज का बेहतर दाम मिल सकेगा।

## मुख्यमंत्री- श्योपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर जिले के विजयपुर क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने की घटना पर गहरा दुख जताया है।इस हादसे में महिलाओं की मौत हुई है, जबकि कई लोग घायल हुए हैं।मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 1 लाख रुपए और अन्य घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।साथ ही घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था करने और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है

## एफआईआर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर धार और खरगोन में अमानक बीज देने वाली नुन्हेम्स कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।किसानों ने करेला फसल खराब होने की शिकायत दिल्ली में मंत्री से की थी, जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जांच और कार्रवाई शुरू कर दी गई। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों के साथ धोखाधड़ी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

महिला-टी-20 श्रृंखला

महिला क्रिकेट में, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला आज डर्बन में खेला जाएगा। यह मैच रात साढे नौ बजे शुरू होगा। अगला मुकाबला रविवार को डर्बन में ही होगा।

मौसम

प्रदेश में गर्मी ने अपना असर तेज कर दिया है और आज प्रदेश के करीब 20 जिलों में लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है।रतलाम, धार, झाबुआ, सिंगरौली और नर्मदापुरम समेत कई जिलों में गर्म हवाएं चल रही हैं। तेज गर्मी और लू के कारण सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है, जिन्हें रोज तपती धूप में स्कूल जाना पड़ रहा है। हालात को देखते हुए भोपाल, नर्मदापुरम, रायसेन और डिंडौरी समेत कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया गया है, जहां अब कक्षाएं सुबह 7:30 बजे से दोपहर तक ही लग रही हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में लू का अलर्ट जारी किया है और लोगों को दोपहर में घर से बाहर न निकलने, ज्यादा पानी पीने और सावधानी बरतने की सलाह दी है।

समाचार संक्षेप में -----

- शिवपुरी जिले में आज कलेक्टर ने गेंहू खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया तथा किसानों से चर्चा की।
- धार जिले के समस्त दिव्यांगजनों को भारत सरकार की एडिप योजना के तहत लाभान्वित करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन 22 अप्रैल से किया जा रहा है।
- कृषि उपज मंडी बैतूल में माल के समय पर उठाव को लेकर आज व्यापारियों की एसडीएम कार्यालय में बैठक हुई।
- नीमच जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 10 कलस्टरों में कुल 1250 किसानों को खरीफ में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए तैयार किया गया है।
- मंदसौर जिले में अब जिले के सभी बंद पड़े बोरवेलों को कंक्रीट या मजबूत धातु के ढक्कनों से सील करना अनिवार्य होगा।
- अशोकनगर में बढ़ती गर्मी और तेज तापमान के कारण कक्षा 12वीं तक के सभी स्कूल अब सुबह 07:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक संचालित होंगे।